महापौर परिषद द्वारा शहर के विकास के लिए विभिन्न कार्यो को स्वीकृति प्रदान की गई

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई के महापौर परिषद की बैठक महापौर नीरज पाल की अध्यक्षता में ली गई। बैठक में विभिन्न एजेण्डा को विस्तृत चर्चा हेतु विचारार्थ रखा गया था। लोगो के हितो को देखते हुए परिषद द्वारा निम्नलिखत कार्यो की स्वीकृति प्रदान की गई।नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत जोन 01 नेहरू नगर अंतर्गत भिलाई नगर रेल्वे स्टेशन के सुपेला अंडरब्रिज तक रेल्वे लाईन के समानांतर निर्माण, बॉक्स कल्वर्ट एवं विद्युतिकरण कार्य, भिलाई नगर रेल्वे स्टेशन से नेहरू नगर अंडरब्रिज तक रेल्वे लाईन के समानांतर एवं शहरी गौठान के पश्चिम में मार्ग निर्माण एवं विद्युतिकरण कार्य, नेहरू नगर अंतर्गत 66 एवं 77 एम.एल.डी. डब्लू.टी.पी. के वेस्ट वाटर से तालाब भरने हेतु खम्हरिया माईनर नहर का आर.सी.सी.कव्हर सहित लाईनिंग कार्य, कोसानगर रेल्वे स्टेशन शहरी गौठान के पश्चिम में नाला चौनलाईजेशन कार्य, वार्ड क्रं. 60 सेक्टर 05 सड़क 32 से सड़क 37 एवं एस.पी.ए. की नाली निर्माण कार्य, जोन 03 अंतर्गत वार्ड 56 भिलाई स्कूल ग्राउण्ड मैदान में ओपन जिम एवं 15 बी के समीप बैडमिंटन कोर्ट निर्माण कार्य का स्थल परिवर्तन कर वार्ड 56 में सड़क 15 एवं 15 ए के मध्य में निर्माण कार्य। पूर्व में महापौर परिषद के अनुमति के प्रत्याशा में प्रस्तावित खेल परिसर पर बिन्दुवार चर्चा हुई। उक्त स्थल का ड्राईग, डिजाईन एवं खिलाड़ियो को मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत, कार्यपालन अभियंता अखिलेश चंद्राकर, उपअभियंता बसंत साहू द्वारा विस्तृत रूप से बताया गया। जिसमें महापौर पाल, एमआईसी के सदस्यगणों एवं आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय की उपस्थिति में खेल परिसर में विभिन्न खेलो के लिए कार्ययोजना का विस्तृत व्याख्या किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से कार्य का स्वरूप क्या होगा, किस प्रकार का सुविधा होगा, कहां पर किस प्रकार का खेल गतिविधि होगी। कौन–कौन से स्पोर्टस इसमें शामिल होगें। खिलाड़ियो को किस प्रकार की सुविधा मिलेगी, इसको संचालित कौन करेगा। निर्माण की समय अवधि क्या रहेगा आदि बिन्दुओ पर चर्चा उपरांत सदस्यगण अपनी सुझाव एवं सहमति प्रदान किए। खेल परिसर में प्रमुख खेल जो प्रस्तावित है जैसे– हार्स राइडिंग ट्रैक निर्माण कार्य, सिंथेटिक एथलेटिक्स ट्रैक एवं प्राकृतिक फुटबाल मैदान निर्माण कार्य, स्वीमिंग पुल, स्केटिंग, रनिंग ट्रैक, 1500 लोगो के बैठने लायक आडिटोरियम, पार्किंग, चेजिंग रूम, स्पोर्टस दुकान आदि बनाये जायेगें। इसमें अनुभवि खिलाड़ियो का भी मार्ग दर्शन लिया जायेगा। जिससे भविष्य में राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय स्तर के प्रतिसप्रधा आयोजित हो सके। प्रस्ताव सभी लोगो को बहुत पंसद आया, इसमें सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि खेल परिसर के निर्माण में अनुभवि एजेंसी को नियुक्त किया जाए। जो इसके पूर्व इस प्रकार के खेल परिसरो का निर्माण किया हो। इसमें यह भी अनुबंध होगा कि 5 वर्ष के लिए रखरखाव एजेंसी का होगा। उसकी 5 प्रतिशत धरोहर राशि भी निगम में जमा रहेगा। समय अवधि में कार्य को पूर्ण कराया जावेगा। महापौर नीरज पाल ने कहा इस सुविधा से हमारे क्षेत्र से अच्छे खिलाड़ी निकलेगे, जो राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय स्तर पर अपना और अपने राज्य का नाम रौशन करेगें। आयुक्त पाण्डेय ने सभी सदस्यो को बताया कि एक स्थल पर सभी खेलो का होना, इस क्षेत्र के खिलाड़ियो के लिए बड़ी उपलब्धी होगी। महापौर परिषद के सदस्य सीजू एन्थोनी, लक्ष्मीपति राजू, केशव चौबे, साकेत चंद्राकर, लालचंद वर्मा, आदित्य सिंह, चंद्रशेखर गंवई, श्रीमती नेहा साहू, मालती ठाकुर, निगम के सचिवध्उपायुक्त नरेन्द्र बंजारे, जोन आयुक्त येशा लहरे, सतीश यादव, कुलदीप गुप्ता, कार्यपालन अभियंता अनिल सिंह, रवि सिन्हा, संजय अग्रवाल, अरविंद शर्मा, वीनिता वर्मा, लेखाधिकारी चन्द्रभूषण साहू, स्थापना प्रभारी श्रीमती रीता चतुर्वेदी, जनसम्पर्क अधिकारी अजय शुक्ला, देवराज राजपूत, आदि उपस्थित रहे।